जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर ।
दिनांक : 11.11.2011

प्रेस विज्ञप्ति
(सं. 2011/164)

# दिल्ली–बीकानेर–दिल्ली, जोधपुर–दिल्ली–जोधपुर (द्वि–साप्ताहिक), जयपुर–कामाख्या–जयपुर (साप्ताहिक) नई रेल सेवाओं का संचालन एवं

## उदयपुर–दिल्ली–उदयपुर एवं उदयपुर–इन्दौर–उदयपुर रेल सेवाऐं अब प्रतिदिन

रेल बजट 2011–12 में उत्तर पश्चिम रेलवे पर घोषित 03 नई गाडियों एवं 02 गाडियों के फेरों में विस्तार को कार्यान्वित करने की घोषणा माननीय रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी द्वारा आज दिल्ली मे आयोजित एक प्रेस वार्ता में की गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री ललित बोहरा के अनुसार रेल बजट 2011–12 में घोषित निम्न नई गाडियों के प्रथम फेरो का संचालन उद्घाटन विशेष रेल सेवा के रूप में किया जा रहा है। एवं उनके संचालन के दिन से गाडियों का संचालन निरन्तर हो जायेगा। नई गाडियों एवं गाडियों के विस्तार का शुभारम्भ निम्नानुसार होगा :–

1. **जयपुर–कामाख्या–जयपुर (साप्ताहिक) कवि गुरू एक्सप्रेस**

गाडी संख्या 09725 जयपुर–कामाख्या कवि गुरू उद्घाटन विशेष रेल सेवा जयपुर से दिनांक 14.11.11 को 19.15 बजे रवाना होकर दिनांक 16.11.11 को 23.40 बजे कामाख्या पहुंचेगी। एवं नियमित रेल सेवा दिनांक 17.11.11 से कामाख्या से प्रारम्भ की जायेगी।

नियमित रेल सेवा में गाडी संख्या 19709,जयपुर–कामाख्या (साप्ताहिक) कवि गुरू एक्सप्रेस दिनांक 21.11.11 से जयपुर से प्रत्येक सोमवार 23.35 बजे रवाना होकर बुधवार 23.40 बजे कामाख्या पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19710, कामाख्या–जयपुर (साप्ताहिक)

कवि गुरू एक्सप्रेस दिनांक 17.11.11 से कामाख्या से प्रत्येक गुरूवार 19.15 बजे रवाना होकर शनिवार 17.55 बजे जयपुर पहुंचेगी।

इस गाडी के दोनों दिशाओं में गांधीनगर जयपुर, बाँदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, फरूर्खाबाद, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, फैजाबाद, अयोध्या, मनकापुर, गोरखपुर, देवरीया सदर, भाटनीय, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुज्जफरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खागरिया, नौगछिया, कटिहार, बरसोई, किशनगंज, न्यू जलपाईगुडी, अलीपुर द्वार, कोकराझार, न्यू बोंगाई गांव एवं गोपालपुरा टाउन स्टेशनों पर ठहराव होगें।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 07 शयनयान श्रेणी एवं 06 साधारण द्वितीय श्रेणी डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होगें।

## 2. जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर (द्वि–साप्ताहिक) सुपर फास्ट (वाया रतनगढ–लुहारू)

गाडी संख्या 04821 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला उद्घाटन विशेष रेल सेवा जोधपुर से दिनांक 12.11.11 को 17.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 5.35 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 04822 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर उद्घाटन विशेष रेल सेवा दिल्ली सराय से दिनांक 13.11.11 को 22.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 09.10 बजे जोधपुर पहुंचेगी एवं नियमित रेल सेवा दिनांक 16.11.11 से जोधपुर से प्रारम्भ की जायेगी।

नियमित रेल सेवा में गाडी संख्या 22481, जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला (द्वि –साप्ताहिक) सुपर फास्ट एक्सप्रेस दिनांक 16.11.11 से जोधपुर से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 19.00 बजे रवाना होकर अगले दिन गुरूवार एवं सोमवार को 05.35 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22482, दिल्ली सराय रोहिल्ला –जोधपुर (द्वि–साप्ताहिक) सुपर फास्ट एक्सप्रेस दिनांक 17.11.11 से दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार को 22.25 बजे रवाना होकर अगले दिन शुक्रवार एवं मगंलवार को 09. 10 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

इस गाडी के दोनों दिशाओं में मेडता रोड, रैन, डेगाना, डिडवाना, लाडनू, सुजानगढ, रतनगढ, चुरू, सार्दुलपुर, लुहारू, रेवाडी, पटोदी रोड, गुडगांव एवं दिल्ली केंट स्टेशनों पर ठहराव होगें।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 07 शयनयान श्रेणी एवं 06 साधारण द्वितीय श्रेणी डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होगें।

3. **बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–बीकानेर (प्रतिदिन) सुपर फास्ट इंटरसिटी एक्स0 (वाया रतनगढ–लुहारू)**

गाडी संख्या 09725 बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला उद्घाटन विशेष रेल सेवा बीकानेर से दिनांक 12.11.11 को 07.00 बजे रवाना होकर 17.25 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 09726 दिल्ली सराय रोहिल्ला–बीकानेर उद्घाटन विशेष रेल सेवा दिल्ली सराय से दिनांक 12.11.11 को 07.05 बजे रवाना होकर 15.15 बजे बीकानेर पहुंचेगी एवं नियमित रेल सेवा दिनांक 13.11.11 से प्रारम्भ की जायेगी।

नियमित रेल सेवा में गाडी संख्या 22471, बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपर फास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 13.11.11 से प्रतिदिन बीकानेर से 09.15 बजे रवाना होकर 17.25 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22472, दिल्ली सराय रोहिल्ला –बीकानेर सुपर फास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 13.11.11 से दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रतिदिन 07.05 बजे रवाना होकर 15.15 बजे बीकानेर पहुंचेगी।

इस गाडी के दोनों दिशाओं में नापासर, सूंडसर, श्री डुंगरगढ, राजलदेसर, रतनगढ, चुरू, सार्दुलपुर, लुहारू, महेन्द्रगढ, रेवाडी एवं दिल्ली केंट स्टेशनों पर ठहराव होगें।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 01 थर्ड एसी, 08 शयनयान श्रेणी एवं 06 साधारण द्वितीय श्रेणी डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होगें।

4. **उदयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–उदयपुर चेतक एक्स0 अब प्रतिदिन**

गाडी संख्या 12982/12981, उदयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–उदयपुर चेतक एक्स0 जो सप्ताह में चार दिन संचालित की जा रही है, को रेल बजट की घोषणा के अनुसार दिनांक **12.11.11 से प्रतिदिन** किया जायेगा।

**5. <u>उदयपुर–इन्दौर–उदयपुर एक्स0 अब प्रतिदिन</u>**

गाडी संख्या 19657/19658, उदयपुर–इन्दौर–उदयपुर एक्स0 जो सप्ताह में तीन दिन संचालित की जा रही है, को रेल बजट की घोषणा के अनुसार **<u>उदयपुर से दिनांक 13.11.11 से एवं इन्दौर से दिनांक 14.11.11 से प्रतिदिन</u>** संचालित किया जायेगा।

**जन संपर्क अधिकारी**
**उ.प.रेलवे, जयपुर ।**